**अभ्यास प्रश्नपत्र 2 (21-2020)**

**इतिहास (027)**

**कक्षा-XII**

समय 3 :घंटा अधिकतम अंक: 80

**सामान्य निर्देश:**

1) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए है। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित किए गए है । इस प्रश्न प्रश्न पत्र में छह खंड है।
2) **खंड क** (प्रश्न संख्या 1 से 16) वस्तुनिष्ठ प्रश्न )1 अंक वाले (है। इनके उत्तर एक शब्द या एक पंक्ति में दीजिये। किन्ही 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
3) **खंड ख** (प्रश्न संख्या 17 से 19) स्रोत आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंको का है। प्रत्येक प्रश्न के 4 उप-भाग है जिनमे से किसी तीन उप- भागों के उत्तर दीजिये।
4) **खंड ग** (प्रश्न संख्या 20 से 23) में प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में दीजिये।
5) **खंड घ** (प्रश्न संख्या 24 से 26) में प्रत्येक प्रश्न 8 अंको का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 350 शब्दो में दीजिये।
6. **खंड ङ** (प्रश्न संख्या 27 से 29) स्रोत आधारित प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंको का है।
7. **खंड च** ( प्रश्न संख्या 30) मानचित्र संबंधी है, जिसमें लक्षणों को पहचानना तथा महत्वपूर्ण मदो को दर्शाना शामिल है। मानचित्र को उत्तर पुस्तिका-के साथ नत्थी कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड-क** | |
| किन्ही 15 प्रश्नों के उत्तर दीजिये। | 1 x 15 = 15 | |
| 1 | ईसा-पूर्व तीसरी शताब्दी में अशोक मौर्य के आदेश से किस संप्रदाय के संतों के लिए कृत्रिम गुफाएँ बनाई गईं? | 1 |
| 2 | प्रारंभिक भक्ति परंपरा को किन दो वर्गों में विभाजित किया गया है? | 1 |
| 3 | निम्नलिखित जानकारी को पढ़िये और उस संदर्भ का उल्लेख कीजिए जिससे यह कथन जुड़ा है-<br>अर्नेस्ट मैके अपनी पुस्तक,अर्ली इंडस सिविलाइज़ेशन,मे लिखते हैं - "निश्चित रूप से यह अब तक खोजी गई सर्वथा संपूर्ण प्राचीन प्रणाली है।" | 1 |
| 4 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन विजयनगर साम्राज्य के अमरनायकों के संदर्भ मे सही नहीं है:<br>a) वह सैनिक कमांडर होते थे जो शक्ति का प्रयोग करते थे और किलों पर नियंत्रण रखते थे।<br>b) उनके पास सशस्त्र समर्थन होता था।<br>c) वह भ्रमणशील रहते थे और कई बार बसने के लिए किसानों के साथ उपजाऊ भूमि की खोज में रहते थे।<br>d) वे प्रायः मलयालम बोलते थे । | 1 |
| 5 | नीचे दिए गए चित्र को पहचानिए और उसके चित्रकार का नाम लिखिए:<br><br>**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 5 के स्थान पर:**<br>अंग्रेज़ों और भारतीयो द्वारा तैयार की गई तस्वीरें 1857 के सैनिक विद्रोह का एक महत्वपूर्ण रिकॉर्ड रही है, क्योकि:<br>a) यह आसानी से उपलब्ध है।<br>b) सब तस्वीरे युद्ध की है।<br>c) इनमे चटक रंगों का प्रयोग किया गया है।<br>d) यह तस्वीरे उस काल की मनोदशा के बारे में बताती है। | 1 |
| 6 | निम्नलिखित कथन को ठीक करके पुन: लिखिए:<br>"बुद्ध के बचपन का नाम राहुल था, वे शाक्य क़बीले के सरदार के बेटे थे।" | 1 |
| 7 | विजयनगर के किस राय ने, "यवन राज्य की स्थापना करने वाला" शीर्षक धारण करके गौरव अनुभव किया था?<br>a) रामराय<br>b) हरिहर<br>c) कृष्णदेव राय | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | d) बुक्का | |
| 8 | सूर्यास्त क़ानून क्या था? | 1 |
| 9 | पितृवंशिकता और मातृवंशिकता में अंतर स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| 10 | नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है -<br>कथन (A): अशोक बहुत शक्तिशाली, परिश्रमी और दयालु शासक था।<br>कारण (R): बीसवीं शताब्दी के राष्ट्रवादी नेताओं ने अशोक को प्रेरणा-स्रोत माना।<br>a) केवल कथन(A) सही है।<br>b) केवल कारण(R) सही है।<br>c) कथन(A) और कारण(R) दोनों सही है पर कारण(R) कथन(A) का स्पष्टीकरण नहीं है।<br>d) कथन(A) और कारण(R) दोनों सही है और कारण(R) कथन(A) का स्पष्टीकरण है। | 1 |
| 11 | बादशाहनामा के लेखक कौन है?<br>a) अबुल फज़्ल<br>b) अब्दुल हमीद लाहौरी<br>c) अब्बास ख़ान<br>d) मिर्ज़ा मुहम्मद | 1 |
| 12 | वर्ष 1919 में, संस्कृत के प्रसिद्ध विद्वान ________ के नेतृत्व में महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने की महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू की गई । | 1 |
| 13 | किताबखाना से क्या अभिप्राय हैं ? | 1 |
| 14 | युग्म सुमेलित कीजिए:<br>सूची I — सूची II<br>i. अरब मुस्लिम व्यापारी — a. तमिलनाडु<br>ii.अलवार और नयनार — b. उत्तर भारत<br>iii. वीरशैव — c. मालाबार तट (केरल)<br>iv. नाथ और जोगी — d. कर्नाटक<br>विकल्प:<br>(i) (ii) (iii) (iv)<br>A. (b) (c) (a) (d)<br>B. (c) (a) (d) (b)<br>C. (a) (b) (c) (d)<br>D. (c) (b) (a) (d) | 1 |
| 15 | गांधी जी की आम जनता के बीच लोकप्रियता के कारण था/थे:<br>1) वह जनसाधारण की तरह धोती पहनते थे।<br>2) वह उन्हीं की तरह रहते थे।<br>3) वह उन्हीं की भाषा बोलते थे।<br><br>सही विकल्प चुनिए:<br>a) केवल (1) और (2)<br>b) केवल (2) और (3)<br>c) केवल (2)<br>d) उपरोक्त सभी | 1 |
| 16 | हिंदी को संविधान निर्माण की भाषा के रूप में इस्तेमाल करने के लिए पुरज़ोर दलील दी थी:- | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | a) आर. वी. धुलेकर ने<br>b) जयपाल सिंह ने<br>c) एन. जी. रंगा ने<br>d) सरदार पटेल ने | |
| | **खंड-ख** | |
| 17 | संस्कृत महाभारत के आदिपर्वन् (प्रथम अध्याय) से लिए गए इस उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये और निम्न में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: | 1+1+1=3 |
| कौरव...धृतराष्ट्र के पुत्र थे और पांडव उनके बांधव जन थे। चूँकि धृतराष्ट्र नेत्रहीन थे अतः उनके अनुज पांडु हस्तिनापुर के सिंहासन पर आसीन हुए...किंतु पांडु की असामयिक मृत्यु के बाद धृतराष्ट्र राजा बने, क्योंकि सभी राजकुमार अल्पवयस्क थे। जैसे-जैसे राजकुमार बड़े हुए हस्तिनापुर के नागरिक पांडवों के प्रति अपनी अभिरुचि व्यक्त करने लगे क्योंकि वे कौरवों के मुकाबले अधिक योग्य और सदाचारी थे। इस बात से कौरवों में ज्येष्ठ, दुर्योधन को बहुत ईर्ष्या हुई।<br>वह अपने पिता के पास गया और बोला, "हे भूपति, अपूर्णता के कारण आपको सिंहासन पर बैठने का अधिकार नहीं था हाँलाकि यह आपको प्राप्त हो गया। यदि पांडव, पांडु से यह विरासत प्राप्त करते हैं तो उनके बाद उनके पुत्र, पौत्र और फिर प्रपौत्र इस पैतृक संपत्ति के अधिकारी हो जाएँगे और हम तथा हमारे पुत्र इस राज्य के उत्तराधिकार से बेदखल होकर संसार में क्षुद्र समझे जाएगे।" | | |
| | **(1) धृतराष्ट्र जिस स्थिति में हस्तिनापुर की राज गद्दी पर बैठे, वह थी:**<br>a) क्योकि वे ज्येष्ठ पुत्र थे<br>b) सभी राजकुमारों के अल्पव्यस्क होने के कारण<br>c) धृतराष्ट्र योग्य और सदाचारी थे<br>d) पांडवो के अल्पव्यस्क होने के कारण<br><br>**(2) राजगद्दी के योग्य होने के लिए वह तत्व जो अनुचित लगता है, वह है:**<br>a) शारीरिक पूर्णता<br>b) योग्य होना<br>c) सदाचारी होना<br>d) कर्तव्यनिष्ठ होना<br><br>**(3) महाभारत का रचयिता किसे माना जाता है:**<br>a) वेदव्यास को<br>b) तुलसीदास को<br>c) कबीर को<br>d) वाल्मीकि को<br><br>**(4) कौरव पुत्र थे:**<br>a) धृतराष्ट्र और गांधारी के<br>b) पांडु और कुंती के<br>c) शांतनु और सत्यवती के<br>d) पांडु और माद्री के | |
| 18 | इस चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: | 1+1+1=3 |



**1) यह चित्र है:**

a) शिवभक्त करइक्काल अम्मइयार का
b) विष्णुभक्त करइक्काल अम्मइयार का
c) शिवभक्त अंडाल का
d) विष्णुभक्त अंडाल का

2) वह किस भक्ति परम्परा से थीं?

a) सगुण
b) निर्गुण
c) जैन
d) बौद्ध

3) नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से से एक को कथन (A) के रूप में और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है

**कथन (A)** - स्त्री भक्तों ने अपने सामाजिक कर्तव्यों का परित्याग किया।

**कारण (R)** - स्त्री भक्त किसी वैकल्पिक व्यवस्था अथवा भिक्षुणी समुदाय की सदस्या नहीं बनी।

a) केवल कथन(A) सही है।
b) केवल कारण(R) सही है।
c) कथन(A) और कारण(R) दोनों सही है पर कारण(R) कथन(A) का स्पष्टीकरण नहीं है।
d) कथन(A) और कारण(R) दोनों सही है और कारण(R) कथन(A) का स्पष्टीकरण देता है।

4) करइक्काल अम्मइयार भारत के कौन से क्षेत्र में उभरी?

a) उत्तर भारत
b) दक्षिण भारत
c) पूर्वीय भारत
d) पश्चिमी भारत

**<u>केवल दृष्टिबाधितों के लिए</u> : प्रश्न संख्या 18 के स्थान पर: दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये और किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**<u>एक ईश्वर</u>**

यह रचना कबीर की मानी जाती है:
हे भाई यह बताओ, किस तरह हो सकता है कि संसार के एक नहीं दो स्वामी हों?
किसने तुम्हे भ्रमित किया है?
ईश्वर को अनेक नामों से पुकारा जाता है: कैसे अल्लाह, राम, करीम, केशव, हरि तथा हज़रात।

विभिन्नताएं तो केवल शब्दों में है जिनका अविष्कार हम स्वयं करते हैं। कबीर कहते हैं दोनों ही भुलावे में हैं। इनमे से कोई एक राम को प्राप्त नहीं कर सकता। एक बकरे को मारता है और दूसरा गाय को। वे पूरा जीवन विवादों में ही गँवा देते हैं।

1)कबीर __________भक्ति  धारा के संत है ।

a) निर्गुण
b) सगुण
c) तांत्रिक
d) शक्ति की भक्ति

2) कबीर की वाणी को संकलित किया गया है

(i) कबीर बीजक
(ii) कबीर ग्रंथावली

निम्न में से सही उत्तर है:

(a) केवल (i)
(b) केवल (ii)
(c) दोनों (i) और (ii)
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**3) नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से  से एक को कथन (A) के रूप  में और दूसरे को  कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है**

**कथन (A)**: ईश्वर एक है उसे हम विभिन्न नामों से पुकारते है अल्लाह, राम, करीम

**कारण (R)**: सोने से अंगूठी और चूड़ियाँ बनतीं है पर वो आखिर रहता तो सोना ही है ।

a) केवल कथन(A)  सही है।
b) केवल कारण(R)  सही है।
c) कथन(A)  और कारण(R)  दोनों सही है पर कारण(R)  कथन(A) का स्पष्टीकरण नहीं है।
d) कथन(A)  और कारण(R)  दोनों सही है और कारण(R) कथन(A)  का स्पष्टीकरण देता  है।

4) कबीर की मुख्य शिक्षाएं है:

i) ईश्वर एक है।
ii) ईश्वर निराकार है।

**सही उत्तर चुने**

a) दोनों (i) और (ii) सही हैं
b) केवल (i) सही है
c) (i) और (ii) दोनों गलत हैं
**d)** केवल (ii) सही है


| | | |
|---|---|---|
| 19 | भाषा के प्रश्न पर गांधीजी के विचारों को ध्यानपूर्वक पढ़िये और दिये गए प्रश्नों में से किन्ही तीन का उत्तर दीजिए: | 1+1+1=3 |

यह हिन्दुस्तानी न तो संस्कृतनिष्ठ हिंदी होनी चाहिए न ही फारसीनिष्ठ उर्दू। यह दोनों का सुन्दर मिश्रण होना चाहिए। उसे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओँ से शब्द खुलकर उधार लेने चाहिए। विदेशी भाषाओँ के ऐसे शब्द लेने में कोई हर्ज़ नहीं है जो हमारी राष्ट्रीय भाषा में अच्छी तरह

| | | | |
|---|---|---|---|
| और आसानी से घुलमिल सकते हैं। इस प्रकार हमारी राष्ट्रीय भाषा एक समृद्ध और शक्तिशाली भाषा होनी चाहिए जो मानवीय विचारों और भावनाओं के पूरे समुच्चय को अभिव्यक्ति दे सके। खुद को हिंदी या उर्दू से बांध लेना देशभक्ति की भावना तथा समझदारी के विरुद्ध एक अपराध होगा। | | | |
| | **1) हिन्दुस्तानी भाषा जिन दो भाषाओं का मिश्रण है,वह है:**<br>(a) हिंदी और उर्दू<br>(b) अरमाइक और उर्दू<br>(c) फारसी और हिंदी<br>(d) उपर्युक्त कोई नहीं<br>**2) गांधीजी ने जिस भाषा को राष्ट्र भाषा के लिए चुना, वह है:**<br>(a) उर्दू<br>(b) हिंदी<br>(c) हिन्दुस्तानी<br>(d) कन्नड़<br>**3) राष्ट्रीय भाषा की जो विशेषताएँ होनी चाहिए, वह है:**<br>(i) राष्ट्रीय भाषा समृद्ध और शक्तिशाली होनी चाहिए<br>(ii) यह मानवीय विचारों और भावनाओं को अभिव्यक्ति दे सके।<br>सही उत्तर है:<br>(a) दोनों (i) और (ii)<br>(b) केवल (i) सही है<br>(c) केवल (ii) सही है<br>(d) उपरोक्त में से कोई नहीं<br>4) निम्न में से असत्य कथन है:<br>a) राष्ट्रीय भाषा में देश भक्ति की भावना हो<br>b) राष्ट्रीय भाषा आसानी से समझ आनी चाहिए<br>c) पूरे देश को एकता के सूत्र में बांध सके।<br>d) क्लिष्ट होने चाहिए। | | |
| | **खंड-ग** | | |
| 20 | "शवाधान हड़प्पा सभ्यता में व्याप्त सामाजिक विषमताओं को समझाने का एक स्त्रोत है।" व्याख्या करें। | 3 | |
| 21 | डोमिंगो पेस ने विजयनगर साम्राज्य के महानवमी डिब्बा को "विजय का भवन" की संज्ञा दी है। स्पष्ट कीजिये। | 3 | |
| 22 | गांधीजी ने नमक को ही विरोध के प्रतीक रूप में क्यों चुना? | 3 | |
| 23 | अंग्रेजों ने 1857 के विद्रोह को कुचलने के लिए क्या कदम उठाए? | 3 | |
| | **खंड घ** | | |
| 24 | अभिलेख क्या होते हैं? इतिहास लेखन में अभिलेखीय साक्ष्यों के महत्त्व व सीमा की तर्कसंगत विवेचना कीजिए।<br>**अथवा**<br>मौर्य प्रशासन की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा कीजिए । | 8 | |
| 25 | राज्य पद के आदर्शों और दरबारी रीति रिवाज़ों पर प्रकाश डालते हुए मुग़ल दरबार और प्रशासन की वर्तमान भारतीय शासन व्यवस्था से तुलना कीजिए।<br>**अथवा**<br>'मुग़लों के अधिकारी वर्ग को एक गुलदस्ते के रूप में वर्णित किया जाता था।' उक्त कथन की मुग़ल अभिजात वर्ग के संदर्भ में पुष्टि कीजिए । | | 8 |

| | | |
|---|---|---|
| 26 | ईस्ट इंडिया कंपनी को राजस्व के भुगतान में ज़मींदारों क्यों चूक करते थे?<br>**अथवा**<br>जोतदार कौन थे और उनकी शक्तियां जमींदारों की तुलना में अधिक प्रभावी कैसे थीं? | 8 |
| **खंड ङ** | | |
| 27 | दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये व दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: | 5 |
| **<u>खम्बात का गिरजाघर</u>**<br><br>यह उद्धहरण उस फ़रमान (बादशाह के हुक्मनामे) का अंश है जिसे 1598 में अकबर ने जारी किया :<br>हमारे बुलंद और मुक़द्दस (पवित्र) ज़ेहन में पंहुचा कि यीशु की मुक़द्दस जमात के पादरी खम्बायत गुजरात के शहर में इबादत के लिए (गिरजाघर) एक इमारत की तामीर (निर्माण) करना चाहते हैं; इसलिए यह शाही फ़रमान.... जारी किया जा रहा है.... खम्बायत के महानुभाव किसी भी तरह उनके रास्ते में न आएं और उन्हें गिरजाघर की तामीर करने दें जिससे वे अपनी इबादत कर सकें। यह ज़रूरी है कि बादशाह के इस फ़रमान की हर तरह से तामील (पालन) हो। | | |
| | 27.1) पादरी क्या करना चाहते थे?<br>27.2) अकबर ने यह कैसे सुनिश्चित किया कि पादरियों की इच्छा पूरी हो?<br>27.3) 'भारतीय उपमहाद्वीप में मुस्लिम शासकों ने शासन की लचीली नीति अपनाई।' विवेचना कीजिए। | 1<br>2<br><br>2 |
| 28 | दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये व दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: | 5 |
| **<u>पृथक निर्वाचिका के बारे में समस्या</u>**<br><br>गोल मेज़ सम्मलेन के दौरान महात्मा गाँधी ने दमित वर्गों के लिए पृथक निर्वाचिका के प्रस्ताव के ख़िलाफ़ अपनी दलील पेश करते हुए कहा था :<br>"अस्पृश्यों" के लिए पृथक निर्वाचिका का प्रावधान करने से उनकी दासता स्थायी रूप ले लेगी...। क्या आप चाहते हैं कि "अस्पृश्य" हमेशा "अस्पृश्य" ही बने रहें? पृथक निर्वाचिका से उनके प्रति कलंक का यह भाव और मज़बूत हो जाएगा। ज़रूरत इस बात की है कि "अस्पृश्यता" का विनाश किया जाए और जब आप यह लक्ष्य प्राप्त कर लें तो एक अड़ियल "श्रेष्ठ" वर्ग द्वारा एक "कमतर" वर्ग पर थोप दी गई यह अवैध व्यवस्था भी समाप्त हो जाएगी। जब आप इस अवैध प्रथा को नष्ट कर देंगे तो किसी को पृथक निर्वाचिका की आवश्यकता ही कहाँ रह जाएगी? | | |
| | 28.1) पृथक निर्वाचिका के खिलाफ गांधीजी का मुख्य तर्क क्या था?<br>28.2) पृथक निर्वाचिका के स्थान पर गांधीजी ने क्या सुझाव दिया था?<br>28.3) क्या पृथक निर्वाचिका की समस्या को खत्म किया जाना चाहिए है? अपने उत्तर के पक्ष में युक्तियुक्त तर्क दीजिए। | 1<br><br>2<br><br>2 |
| 29 | दिए गए उद्धरण को ध्यानपूर्वक पढ़िये व दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: | 5 |
| **<u>स्तूप क्यों बनाए जाते थे</u>** | | |

| | | |
|---|---|---|
| यह उद्धरण महापरिनिब्बान सुत्त से लिया गया है जो सुत्त पिटक का हिस्सा है:<br>परिनिर्वाण से पूर्व आनंद ने पूछा:<br>भगवान हम तथागत (बुद्ध का दूसरा नाम) के अवशेषों का क्या करेंगे?<br>बुद्ध ने कहा, "तथागत के अवशेषों को विशेष आदर देकर खुद को मत रोको। धर्मोत्साही बनो, अपनी भलाई के लिए प्रयास करो।"<br>लेकिन विशेष आग्रह करने पर बुद्ध बोले:<br>"उन्हें तथागत के लिए चार महापथों के चौक पर थूप (स्तूप का पालि रूप) बनाना चाहिए। जो भी वहाँ धूप या माला चढ़ाएगा... या वहाँ सिर नवाएगा, या वहाँ पर हृदय में शांति लाएगा, उन सबके लिए वह चिर काल तक सुख और आनंद का कारण बनेगा।" | | |
| | 29.1) परिनिर्वाण से आप क्या समझते हैं?<br>29.2) तथागत कौन थे? उन्होंने स्तूप का क्या महत्व बताया?<br>29.3) स्तूप क्यों बनाए जाते थे? स्तूप किसका प्रतीक है? | 1<br>2<br>2 |
| | **खंड-च**<br>**(मानचित्र प्रश्न)** | |
| 30 | (30.1) भारत के दिए गए राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित स्थलों को अंकित कीजिए -<br>a) अमरावती<br>**अथवा**<br>साँची<br>b) लुम्बिनी - बुद्ध का जन्म स्थान<br>**अथवा**<br>कुशीनगर - बुद्ध का परिनिर्वाण स्थल<br>c) भरहुत<br><br>(30.2) भारत के दिए गए इसी राजनैतिक मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन से संबंधित दो स्थल A,B अंकित किए गए हैं, उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम लिखिए।<br><br>**नोट: निम्नलिखित प्रशन केवल दृष्टिबाधितों के लिए प्रश्न संख्या 30.1 एवं 30.2 के स्थान पर है।**<br>(30.1) बुद्ध के जीवन से संबंधित किन्ही तीन महत्वपूर्ण स्थलों के नाम लिखिए<br>अथवा<br>किन्ही तीन महाजनपदों के नाम लिखिए<br>(30.2) 1857 के विद्रोह के कोई दो केन्द्रों के नाम लिखिए | 1+1+1<br><br><br><br><br><br><br><br><br><br>1+1 |


INDIA
OUTLINE MAP WITH STATES
& UNION TERRITORIES
(A)
(B)
Map not to Scale
Copyright © 2020 www.mapsofindia.com